PATRICK KOLSTAD का बयान, **Santa Clara नगर परिषद सीट २ से सदस्य** के प्रत्याशी

पेशा: Santa Clara नगर परिषद के सदस्य, सीट #२

उम्र: ६६

शिक्षा व योग्यताएं:

मै Santa Clara शहर का निवासी हूँ और मेरा यहाँ अपना घर है । मै तेर्री सिल्वा कोलस्टड से विवाहित हूँ और मेरी दो बेटियाँ व एक नाती है । मैंने सैन होज़े स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी और फिर Santa Clara पुलिस डिपार्टमेंट में करीब ३१ साल नौकरी की | पुलिस सार्जेंट के रूप में सेवानिवृत्ति के बाद में Santa Clara नगर परिषद के लिए २०००, २००४ और २०१० में निर्वाचित किया गया था | परिषद के सदस्य के पद पर रहते हुए मैंने यातायात समस्याओं के क्षेत्रीय समाधानों पर काम किया; किफायती आवास के अवसरों में विस्तार किया; उच्च श्रेणी की जन सुरक्षा को समर्थन दिया; उपयोगिता दरों को कम बनाए रखा और वार्षिक सफाई अभियान को बरकरार रखा | मुझे बारह संतुलित बजटों के लिए मतदान मिला; और मैंने Santa Clara शहर को राजकोषीय स्तर पर सही-सलामत रखा |

इस मुश्किल आर्थिक समय में अनुभव और नेतृत्व हमारी बहाली केलिए महत्वपूर्ण हैं | २००० से २००८ और २०१० से २०१४ के बीच नगर परिषद के सदस्य के पद पर रहते हुए, मैंने दो बार वाईस मेयर, मॉडेस्टो-Santa Clara-रेड्डिंग पावर एजेंसी के प्रेजिडेंट, और उत्तरी कैलिफ़ोर्निया पावर एजेंसी पर काम किया | मैं स्थानीय नियंत्रण और सार्वजनिक उपयोगिता के मुद्दों पर सैक्रामेंटो और वाशिंगटन डी.सी. में निर्वाचित प्रतिनिधियों और नियामकों को निरंतर समर्थन करता रहा हूँ | मैं Santa Clara के व्यापार को एक खुले, नैतिक और पेशेवर तरीके से संचालन करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ | आपके समर्थन से मैं Santa Clara की सेवा करना जारी रखूँगा | देखें: www.patkolstadforcitycouncil.com